दिन–शनिवार दिनांक– 27/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। श्री मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश नये संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए कुशल युवा और अनुसंधान का माहौल आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में शिक्षा और कौशल विकास में अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश नवोन्मेष और स्वदेशी के विचारों को अपनाकर लगातार आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि बीएसएनएल ने अपने ही देश में पूरी तरह से स्वदेशी फोर–जी तकनीक विकसित की है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारसुगुड़ा में आयोजित समारोह के दौरान ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पटना समेत आठ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के विस्तार की आधारशिला रखी। इसके तहत छह सौ चौवालीस करोड़ रूपये से अधिक लागत से आईआईटी पटना के तीसरे चरण के निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर पटना के ऊर्जा भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी.एन. सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली

भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

पंचायती राज मंत्रालय दो अक्टूबर से देश में **सबकी योजना, सबका विकास** अभियान शुरू करेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी की प्रक्रिया शुरू करेगा।

———————————————————————

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। वे मुजफ्फरपुर के कटरा स्थित माँ चामुंडा मंदिर में पूजा—अर्चना करेंगे। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र दिया। उन्होंने पार्टी नेताओं से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आग्रह किया। श्री शाह आज समस्तीपुर जिले के सरायरंजन स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय मे भाजपा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मिथिलांचल सहित अन्य क्षेत्रों के भाजपा सांसद, विधायक, मंत्रियों और प्रमुख पदाधिकारियों के साथ संवाद भी किया।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करती है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि सुबह से ही राजधानी पटना सहित प्रदेशभर में मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा—अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। दुर्गा पूजा को लेकर पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

———————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा के दौरान भीड़–भाड़ को लेकर परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि अभिभावक मेला घुमने के दौरान अपने बच्चों का खास ख्याल रखें। उन्हें अकेले न छोड़ें और उनके पॉकेट में नाम, पता और मोबाईल नम्बर अवश्य रखें।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।